इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय उड़ान अकादमी
INDIRA GANDHI RASHTRIYA URAN AKADEMI
भारत सरकार नागर विमानन मंत्रालय के अधीन स्वायत्त निकाय
(An Autonomous body under the Ministry of Civil Aviation Government of India)
फुरसतगंज एयर फील्ड, जिला–अमेठी– 229302 (उ.प्र.) भारत
Fursatganj Airfield, Distt, Amethi - 229302 (U.P.) INDIA
Tel.: +91-535-2441528, 2441529, 2441144, 2441147, 2441150-51
Fax : +91- 535-2441527, Website : www.igrua.gov.in

07 नवम्बर 25

# इग्रुआ के 40वें स्थापना दिवस पर निदेशक का संदेश

प्रिय इग्रुआ परिवार,

इग्रुआ के 40वें स्थापना दिवस के इस ऐतिहासिक अवसर पर, मैं सभी वर्तमान एवं सेवानिवृत्त इग्रुआ परिवार के सदस्यों तथा उनके परिवारजनों को हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाई देता हूँ। यह वह सपना है जो वर्ष 1986 में प्रारंभ हुआ था और आज चार दशकों की समर्पित यात्रा के बाद गर्व के साथ हमारे सामने खड़ा है।

हमने यह लंबा सफर उन सभी के समर्पण, निष्ठा और कड़ी मेहनत के बल पर तय किया है जिन्होंने अतीत में इग्रुआ की सेवा की और जो वर्तमान में इस प्रतिष्ठित संस्थान को नई ऊँचाइयों तक ले जाने के लिए निरंतर कार्यरत हैं।

पिछले चार दशकों से इग्रुआ सिविल एविएशन में प्रोफेसनल लीडरशिप का केंद्र रहा है। आज हम गर्वपूर्वक स्वयं को "सीपीएल और एएमई प्रशिक्षण में प्रशिक्षण मानकों के संरक्षक" के रूप में पहचानते हैं। इग्रुआ अब सिविल एविएशन के दो पीढ़ियों - पायलटों और इंजीनियरों को तैयार कर रहा है।

अपने 40 वें स्थापना दिवस पर आइए, हम सभी यह **संकल्प** लें कि ***"देश और इग्रुआ सदैव* पहले"** रहेंगे। प्रत्येक इग्रुअन अपने **केआरए** *(KRAs)* पर पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता से कार्य करे, ताकि हम मिलकर इग्रुआ को नई ऊँचाइयों पर ले जाएँ और अक्टूबर 26 तक इस संस्थान को देश का "**सर्वश्रेष्ठ एफटीओ**" बना सकें।

एक बार पुनः, इग्रुआ परिवार के सभी सदस्यों एवं उनके परिवारजनों को 40वें स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ। सदैव शुभ यात्रा एवं सुरक्षित लैंडिंग की मंगलकामनाएँ।

जय हिन्द!

विपुल

**एयर कमोडोर विपुल सिंह**
**एवीएसएम वीएम (सेवानिवृत्त)**
**निदेशक**

**वितरण** :

- सभी विभागाध्यक्ष / अनुभागाध्यक्ष, समस्त कर्मचारी, समस्त प्रशिक्षु, समस्त सूचना पट्ट